



नवभारत
भोपाल, शुक्रवार, 15 अगस्त, 2025

एक नजर में



## पीआईसी बैठक में 59 कार्य स्वीकृत

**सीहोर.** बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने और अपना राजस्व बढ़ाने शहर के बस स्टेण्ड पर नपा जल्द ही शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण करेगी. इसके अलावा अन्य 59 विकास कार्य को लेकर गुरुवार को नपा में पीआईसी की बैठक का आयोजन किया गया. इस मौके पर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, नपा सीएमओ सुधीर सिंह के अलावा बड़ी संख्या में पार्षद मौजूद थे. जिन्होंने विकास कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान की. जानकारी के अनुसार शहर के बस स्टेण्ड काम्प्लेक्स के सामने नपा की जीर्ण-शीर्ण दुकानों को शीघ्र ही तोड़कर भव्य शापिंग काम्प्लेक्स का निर्माण कार्य किया जाएगा. इसमें बड़ी संख्या में दुकानें बनाई जाएगी.गुरुवार को पीआईसी की बैठक में अनेक विकास कार्य के विषय में चर्चा की गई. जिसमें प्रमुख रूप से वार्ड एक बढ़ियाखेड़ी में श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर के पास से पाटी तक सीसी सड़क, नाली निर्माण कार्य की तकनीकी स्वीकृत, यह मार्ग और नालियों का निर्माण करीब एक करोड़ से अधिक राशि से शीघ्र ही निर्मित किया जाएगा. इसके अलावा वार्ड दो में लाखों के विकास कार्य, वार्ड तीन में इंदौर नाका के पास स्वागत द्वार निर्माण कार्य, वार्ड पांच में रैन बसेरा ग्राउंड में पेवर ब्लाक, नाली निर्माण काय, वार्ड छ-4 में नेहरू पार्क बस स्टैंड के पास पार्क का सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य, वार्ड चार में सैकड़ाखेडी के पास स्वागत द्वार निर्माण कार्य, वार्ड सात भोपाल नाके से मुरली रोड़ के सीसी रोड़ निर्माण कार्य आदि के विषय में चर्चा की गई. नपा ने शहर के अधिकांश वार्डों में नालियों के निर्माण के अलावा सड़कों का जाल बिछाया है.

## विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण



**भैरूंदा.** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आज बीआईसी क्लब के अंतर्गत एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया. इस शैक्षणिक भ्रमण के तहत, छात्रों ने जिला मुख्यालय स्थित जगदंबा पाइप्स कंपनी का भ्रमण किया.भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम से संबंधित सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक और औद्योगिक वातावरण से जोड़ना था. जगदंबा पाइप्स के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को पाइप निर्माण की प्रक्रिया, कच्चे माल के उपयोग, गुणवत्ता नियंत्रण और विभिन्न मशीनों के संचालन के बारे में जानकारी दी. विद्यार्थियों ने इस दौरान उत्पादन इकाई में जाकर कार्यप्रणाली को बारीकी से देखा व अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए.प्राचार्य ने बताया कि औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों को उद्योग की कार्य संस्कृति, तकनीकी प्रक्रियाओं और नवीनतम तकनीकों को समझने में मदद मिलती है, जो उनके भविष्य के करियर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है. छात्रों ने इस भ्रमण क प्रेरणादायक बताया. उन्होंने कहा कि कक्षा में पढ़े गए सिद्धांतों को वास्तविक मशीनरी पर काम करते देखना एक अद्भुत अनुभव था.

## विपुल बने रेडक्रास सोसायटी सचिव

**सीहोर.** शहर की अनेकानेक सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संस्थाओं में सक्रिय, प्रमुख किराना व्यवसायी, रोटरी क्लब के कोषाध्यक्ष, प्रमुख समाजसेवी विपुल चाडंक को रेडक्रास सोसायटी में सचिव पद का दायित्व सौंपा गया है. रेडक्रास सोसाइटी अध्यक्ष कलेक्टर होते हैं. श्री चांडक को रेडक्रास सचिव बनने पर व्यापारिक, राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओ में हर्ष का माहौल है. उनके नेतृत्व में यह संस्था, मानवता की सेवा में समर्पित भाव से कार्य कर, सेवा के नए आयाम को स्थापित करेगी.


# महिला थाने में बच्चों के लिए शुरू हुआ बाल मित्र कक्ष

## डीआईजी शाक्यवार व एसपी जैन ने किया उद्घाटन, सुरक्षित और सहज माहौल देने का प्रयास

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 14 अगस्त. पुलिस लाइन स्थित महिला थाने में गुरुवार को 'बाल मित्र कक्ष' का शुभारंभ किया गया. इसका उद्घाटन डीआईजी ललित शाक्यवार और एसपी अगम जैन ने संयुक्त रूप से किया.**

इस विशेष कक्ष का उद्देश्य थाने में आने वाले बच्चों के लिए एक सुरक्षित, सहज और अनुकूल माहौल उपलब्ध कराना है. कक्ष में बच्चों के मनोरंजन और सुविधा के लिए खिलौने, किताबें, रंग भरने की सामग्री और आरामदायक बैठने की व्यवस्था की गई है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बाल मित्र कक्ष के माध्यम से न सिर्फ बच्चों का भय दूर किया जाएगा, बल्कि उनकी सुरक्षा और अधिकारों के प्रति



जागरूकता भी बढ़ाई जाएगी. उद्घाटन अवसर पर महिला थाने के समस्त स्टाफ, पुलिस अधिकारी और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे. कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बाल अधिकारों के संरक्षण और संवेदनशील मामलों में बच्चों के साथ मानवीय दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया.

**इनका कहना है**

बाल मित्र कक्ष का उद्देश्य थाने में आने वाले बच्चों को डर और तनाव से मुक्त वातावरण देना है. यहां बच्चों के लिए खेल, पढ़ाई और आराम की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि वे सुरक्षित और सहज महसूस कर सकें. पुलिस का प्रयास है कि हर बच्चे के अधिकारों का सम्मान हो और उनकी सुरक्षा सर्वोपरि रहे.

**- अगम जैन,**
एसपी छतरपुर

## जनपद कार्यालय में बाबू ने ली 10 हजार की रिश्वत



**सहायता राशि जारी करने मांगे थे 20 हजार रुपए**

**छतरपुर, 14 अगस्त. छतरपुर की जनपद पंचायत बड़ामलहरा के संबल शाखा में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी मुकेश वर्मा को लोकायुक्त सागर की टीम ने 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया. कार्रवाई जनपद कार्यालय के मीटिंग हॉल में हुई.**

मामला संबल योजना की सहायता राशि से जुड़ा है. सलैया निवासी संबल कार्डधारी राहुल लोधी की 23 सितंबर 2024 को मृत्यु हो गई थी. योजना के तहत परिजनों को 2 लाख रुपए मिलना था, लेकिन मुकेश वर्मा ने राशि जारी करने के बदले 20 हजार रुपए रिश्वत मांगी. शिकायत मृतक के चाचा राजेंद्र सिंह लोधी ने लोकायुक्त सागर में दर्ज कराई. निरीक्षक रंजीत सिंह के नेतृत्व में ट्रैप टीम बनाई गई और तय योजना के अनुसार शिकायतकर्ता ने 10 हजार मीटिंग हॉल में दिए. जैसे ही वर्मा ने रुपए लिए, टीम ने दबोच लिया. कार्रवाई के बाद जनपद पंचायत कार्यालय में हड़कंप मच गया. कई कर्मचारी मौके से गायब हो गए और शाखाओं के दरवाजे बंद कर दिए गए.

## जिला अधिवक्ता संघ ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



**देशभक्ति के नारों से गूंजे शहर के मुख्य मार्ग**


**छतरपुर, 14 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ छतरपुर द्वारा गुरुवार को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया.**

यात्रा की शुरुआत जिला न्यायालय परिसर से हुई, जिसमें सभी अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. अधिवक्ता हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति के नारों के साथ आगे बढ़ते रहे. यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः जिला न्यायालय में संपन्न हुई. इस दौरान जगह-जगह लोगों ने अधिवक्ताओं का स्वागत किया और भारत माता की जय के नारे लगाए. जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य देश की स्वतंत्रता के प्रति सम्मान प्रकट करना और जनमानस में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करना है. उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों और कार्यस्थलों पर तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस को हर्ष और गर्व के साथ मनाएं. पूरे आयोजन के दौरान माहौल देशभक्ति से सराबोर रहा.

## 5 डॉक्टरों की टीम ने युवक के पेट से निकाली बोतल

**छतरपुर, 14 अगस्त. छतरपुर जिले में एक अजीब मामला सामने आया है, जहां 25 वर्षीय युवक के मलद्वार में प्लास्टिक की बोतल फंस गई और पेट के अंदर पहुंच गई.**

घटना के बाद युवक ने लोक लाज के कारण दो-तीन दिनों तक किसी को नहीं बताया. हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी दी गई और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. नौगांव थाना




क्षेत्र निवासी परिजनों के मुताबिक युवक को गुप्तांग में कीड़े काटने की परेशानी थी और वह दवा बोतल से लगा रहा था, तभी बोतल अंदर चली गई.

मामला गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल में डॉ. मनोज चौधरी समेत 5 डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की टीम ने तुरंत ऑपरेशन किया. पेट में चीरा लगाकर बोतल को सफलतापूर्वक बाहर निकाला गया. डॉक्टरों के अनुसार इससे पहले भी अस्पताल में लौकी और दो अन्य बोतलें बाहर निकालने के ऑपरेशन हो चुके हैं.

## धीरेंद्र शास्त्री ने दी रिश्तों को मजबूत रखने की सलाह

**छतरपुर, 14 अगस्त. बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो में पति-पत्नी के रिश्तों पर अपने विचार साझा किए. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वैवाहिक रिश्ते कमजोर होते जा रहे हैं और सात जन्मों तक साथ रहने की प्रतिज्ञा पहले जैसी मजबूत नहीं रही.**

शास्त्री ने जीवनसाथी चुनने



को लेकर भी सलाह दी. उन्होंने कहा कि आजकल लोग केवल सुंदरता को प्राथमिकता देते हैं, जबकि समझदारी को नजरअंदाज कर देते हैं. उनके अनुसार, समझदार साथी के साथ रिश्ता लंबे समय तक टिकता है, जबकि केवल सुंदर साथी के साथ यह जल्द टूट सकता है.

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे लंबी दौड़ के लिए मजबूत घोड़ा जरूरी होता है, वैसे ही टिकाऊ रिश्ते के लिए समझदार जीवनसाथी का चयन आवश्यक है.

## बारिश की कामना के साथ आज देंगे यज्ञ में आहूति

**सीहोर.** आर्य समाज छावनी एवं लोक जनकल्याण परिषद के संयुक्त तत्वाधान में जनमानस की सुख समृद्धि एवं बारिश की कामना के लिए कोतवाली चौराहे पर गुरुवार को यज्ञ हवन किया जाएगा. कमलेश आर्य ने देते हुए सभी जनमानस से अपील की है कि बड़ी संख्या में यज्ञ हवन कार्यक्रम में शामिल होकर आहूति देकर धर्मलाभ प्राप्त करें.

## डॉक्टर-पैथालॉजी संघ ने निकाली तिरंगा यात्रा

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** घर-घर तिरंगा यात्रा के उपलक्ष्य में डॉक्टर, केमिस्ट एसोसिएशन व पैथोलॉजी संगठन के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य तिरंगा यात्रा वाहन रैली का आयोजन किया गया. रैली को विधायक सुदेश राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

यह यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई निकाली गई. रैली में वंदे मातरम् और भारत माता की जय के जयघोष से वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो उठा. इस आयोजन के माध्यम से आम नागरिकों से आह्वान किया गया कि वे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अपने-अपने घरों पर तिरंगा ध्वज अवश्य फहराएं और इस राष्ट्रीय पर्व को गर्व एवं उत्साह के साथ मनाएं ऐसा सभी से आव्हान भी



किया गया.

कार्यक्रम में अनेक चिकित्सकगण तथा स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े प्रतिष्ठित सदस्य उपस्थित थे. इनमें डॉ. अमित मोदी, डॉ. गगन नामदेव, डॉ. हरिओम गुप्ता, डॉ. आशुतोष दीक्षित, डॉ. गौरव ताम्रकार, डॉ. सिरिल आर्य, डॉ. प्रमोद ताम्रकार, ओम राय, गौरव नामदेव,डॉ. तपस आर्य, डॉ. रजत मित्तल, सुनील जैन, डॉ. धर्मेंद्र दांगी, प्रशांत वोरा, महावीर जैन, भोलू जैन, सुनील प्रोफेसर समस्त केमिस्ट एवं पैथोलॉजी स्टाफ ने आयोजन में भाग लिया.

## छह माह बाद जल्दी आएगा नलों में पानी

**बमूलिया.** छह महीने के लंबे इंतजार के एक-दो दिन में ग्राम बमूलिया के नल फिर से पानी देना शुरू कर देंगे. गौरतलब है कि गर्मी के दिनों में वॉटर लेवल कम होने से ट्यूबबेलों में पानी खत्म होने से नलों में पानी आना बंद हो गया था. इस कारण पाईप लाईन भी अनेक जगह चोक हो गई थी तो कहीं फूट गई थी. वॉटर लेवल बड़ने के बाद सरपंच रामस्वरूप (काले) व सचिव महेश परमार द्वारा स्वयं मौके पर रहकर पाईप लाईनों की मरम्मत कराई गई.

सरपंच श्री काले ने जानकारी देते बताया कि आठ-दस दिनों के अथक प्रयास के बाद संभवतः एक-दो दिन में ग्रामीणों को नलों से पानी मिलने लगेगा. अब ग्रामाणों की पानी की समस्या खत्म हो जाएगी.

## कैंडल मार्च निकालकर कांग्रेस ने किया वोट चोरी का विरोध

**कांग्रेस लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देगी :गुजराती**

**नारेबाजी करते हुए टाउनहाल तक पहुंचे कांग्रेसी**

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** जिला मुख्यालय पर कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कैण्डल मार्च निकाला गया. जो जिला कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ हुआ और टाउनहॉल स्थित भारत माता की प्रतिमा के समक्ष समापन किया गया.

कार्यकर्ताओं द्वारा गगन भेदी नारे लगाते हुए वोट चोर गद्दी छोड़, चुनाव आयोग मुर्दाबाद के नारे के साथ कैंडल मार्च निकाला. इस मौके पर राजीव गुजराती ने बताया कि भाजपा के वोट चोरी के विरोध में लोकतंत्र की रक्षा के लिए कैंडल मार्च निकाला जा रहा है.

वोट चोरी के मामले में देश भर में कांग्रेसजनों द्वारा केण्डल मार्च निकाल कर भाजपा व चुनाव आयोग का विरोध किया जा रहा है. श्री गुजराती ने आगे कहा है कि श्री राहुल गांधी के वोट चोरी के खुलासे के बाद भाजपा पूरी तरह बौखलाई हुई है. कांग्रेस किसी भी सूरत में देश के लोकतंत्र, संविधान व सांविधानिक संस्थाओं से किसी भी प्रकार से खिलवाड़ सहन नही कर सकती और इसके लिए कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ देश के लोगों के साथ खड़ी है.

केण्डल मार्च में उपस्थित कांग्रेसजनों में प्रमुख रूप से हरपाल ठाकुर, निशांत वर्मा, विवेक राठौर, विष्णु प्रसाद राठौर, राममूर्ति शर्मा, राजेन्द्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, रमेश गुप्ता,




पवन राठौर, सुनील दुबे, हरीश आर्य, ओम बाबा राठौर, घनश्याम मीणा, जितेन्द्र सिंह सौभाखेड़ी, घनश्याम यादव, कपिल गौर, घनश्याम जांगड़े हसीन कुरैशी, के के रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, तारा यादव, अजय रैयकवार, विनीत गोयल, हनीफ कुरैशी, तनिष्क त्यागी, मनीष मेवाड़ा, अंकुर ठाकुर, यश यादव, हरिओम सिसोदिया, विकास विश्वकर्मा, अक्षत सैंगर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे.

**जिले भर में देशभक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह, होंगे अनेक आयोजन**

# जिले में आन,बान और शान से लहराएगा तिरंगा

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** स्वतंत्रता दिवस समारोह शुक्रवार को जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा. इस दौरान अनेक सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. आजादी पर्व को लेकर सभी में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है.




स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय पर परेड पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा. इसके अलावा जनपद, तहसील, ग्राम पंचायतों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में भी अनेक सांस्कृतिक और देशभक्ति कार्यक्रम होंगे. जिला स्तरीय समारोह में पिछड़ा वर्ग मंत्री एवं प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ध्वाजारोहण कर एवं बधाई संदेश का वाचन करेंगी. समारोह के लिए जारी पल-प्रतिपल कार्यक्रम अनुसार प्रातः 8:59 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा. प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा. सलामी ली जाएगी तथा राष्ट्रगान की धुन होगी. प्रातः 9: 05 बजे आसमान में गुब्बारे छोड़े जाएंगे. 9:10 बजे द्वारा परेड का निरीक्षण, 9: 25 बजे मुख्यमंत्री के संदेश वाचन, प्रातः 9: 55 बजे बधाई संदेश वाचन, 10 बजे हर्ष फायर एवं राष्ट्रगान की धुन होगी. 10:10 बजे परेड द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा. 10:25 बजे प्लाटून कमांडरों से परिचय किया जाएगा. 10:30 बजे स्वतंत्रता संग्राम एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया जाएगा. 10:35 बजे से 11:05 बजे संस्कृति कार्यक्रम होंगे. 11:10 बजे प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया. जाएगा और 11:30 बजे कार्यक्रम का समापन होगा. 15 अगस्त को पीएम पोषण योजना अंतर्गत सभी लक्षित शासकीय शालाओं के विद्यार्थियों के विशेष भोज आयोजित किया जाएगा. इस संबंध जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने डीईओ, जिला परियोजना समन्वयक-एसएसए, सभी सीईओ आदि को व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं.

### विधायक, कलेक्टर, एसपी ने लगाई मैराथन दौड़

नागरिकों में देशभक्ति और स्वच्छता के प्रतिद नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य जिले हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के अंतर्गत जिले में अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है. इसी क्रम में अभियान के तहत जिला स्तरीय मैराथन दौड़ आयोजित की गई. मैराथन में दौड़ में युवाओं और नागरिकों के साथ विधायक सुदेश राय, कलेक्टर बालागुरु के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी हाथ में तिरंगा लेकर शामिल हुए और देशभक्ति का संदेश दिया.

## कॉलेज की छात्राओं ने जगाई नशामुक्ति की अलख

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** शासकीय कन्या महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय नशा मुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम का नेतृत्व प्रभारी प्राचार्य डॉ. कलिका डोलस के निर्देशन में किया गया. इस दौरान नशे के दुष्परिणाम और रोकथाम पर आधारित सीधा प्रसारण छात्राओं, शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ को दिखाया गया. महाविद्यालय से जागरुकता रैली निकाली गई. एनएसएस की स्वयंसेविकाओं ने रैली के दौरान राहगीरों और वाहन चालकों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरुक किया और उनसे विचार भी साझा किए.

इसी क्रम में हर घर तिरंगा अभियान के नोडल अधिकारी रवि विरहा ने छात्राओं को तिरंगे



संग सेल्फी लेकर अपलोड करने के लिए प्रेरित किया. देशभक्ति और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया. प्रतियोगिता में तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी, और तिरंगा रंगों में पारंपरिक बुनाई प्रमुख थे.

इस अवसर पर डॉ. अनूप कुमार सिंह, डॉ. राजेश बकोरिया, लखन लाल कलेशरिया, अमिता बैरागी, बृजेश विश्वकर्मा, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. भारती सक्सेना, डॉ. मंगला रायबोले उपस्थित थे.